अनुसूची 14— फारम सं० 562

# आदेश–पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129)

आदेश पत्रक – ता० प्रेमा देवी से बनाम उधो प्रजापति एवं अन्य

अंचल– बालूमाथ, जिला– लातेहार।

विविध वाद सं० 09/2021-2022 (1)

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारवाई के बारे मे टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 21-08-2021 | आवेदिका प्रेमा देवी पति प्रेम कुमार ग्राम + पो0 मुरपा थाना बालूमाथ जिला लातेहार द्वारा हाल सर्वे खतियान के आधार पर निम्न भूमि का रसीद निर्गत हेतु आवेदन पत्र दिया गया है। | |

**भूमि का विवरण**

| मौजा | थाना सं० | खाता | प्लौट | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| मुरपा | | RS-177<br>CS-72 | RS-781<br>CS-783/503 | 0.30 ए0<br>0.10 ए0 |

उक्त भूमि का दखल कब्जा के आधार पर 1. उधो प्रजापति पिता लखन प्रजापति, 2. मुकेश प्रजापति पिता स्व0 महावीर प्रजापति, 3. तेजू प्रजापति पिता स्व0 बान्दो प्रजापति, 4. हरि प्रजापति पिता स्व0 कईल प्रजापति सभी ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ द्वारा रसीद निर्गत में रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

प्रेमा देवी के आवेदन के आलोक में वाद की कारवाई प्रारम्भ की जाती है। उभय पक्ष को नोटिस निर्गत करें। वाद की अगली तिथि को उभय पक्ष अपने–अपने रजस्व कागजातों के साथ उपस्थित रहेंगे। वाद की अगली तिथि 15-09-2021 को निर्धारित की जाती है।

21.8.21

अंचल अधिकारी,
बालूमाथ।

15-09-2021

अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष अनुपस्थित वाद की अगली तिथि 21-10-21 को निर्धारित की जाती है।

15-9-21

अंचल अधिकारी,
बालूमाथ।

Compared by
Examined

7.8.23
Comparing Clerk
7/8/23

Scanned with CamScanner

# कार्यालय : अंचल अधिकारी, बालूमाथ।
## आदेश पत्रक

...पत्रक – ता० ---------------------------------- से ---------------------------------- तक

...– बालूमाथ, जिला – लातेहार **विविध वाद सं०–9/2021–22** (15)

...का प्रकार– **प्रेमा देवी बनाम् उधो प्रजापति**

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 05.08.2023 | अभिलेख उपस्थापित। उपभ पक्षकार उपस्थित। पूर्व से आदेश हेतु तिथि निर्धारित थी।<br><br>प्रथम पक्षकार आवेदिका प्रेमा देवी पति प्रेम कुमार ग्राम मुरपा के द्वारा सी०एस० खाता 72 प्लॉट 830, 503, आर०एस० खाता 177, प्लॉट 781, 783 रकबा 30 डी० एवं० 10 डी० कुल रकबा 40 डी० का लगान अलग करने हेतु आग्रह किया गया है। प्रथम पक्षकार का कहना है कि यह संयुक्त सम्पत्ति है। यह हमारे हिस्से मे पड़ता है। जब इस पर जोत-कोड़ करते है तो उधो प्रजापति, मुकेश प्रजापति, तेजू प्रजापति, हरि प्रजापति के द्वारा बाधा डाला जाता है।<br><br>द्वितीय पक्षकार का कहना है कि यह एक संयुक्त सम्पत्ति है। प्रथम पक्षकार के पूर्वज अपने हिस्से की भूमि को बिक्री करते आये है और अब उनका पुत्र प्रेम प्रजापति के द्वारा ऑनलाईन खाता मे नाम इन्द्राज हो जाने के कारण सभी भूमि को बिक्री कर रहे है या अपनी पत्नी के नाम से केवाला कर रहे है। द्वितीय पक्षकार बिक्री के पूर्व सम्पति का बंटवारा करते हुए प्रत्येक व्यक्ति 1/5 करने हेतु आग्रह किया गया है।<br><br>उभय पक्ष की बातों एवं तर्कों के आधार पर यह निष्कर्ष पाये जाते है :-<br><br>1- यह भूमि मौजा मौजा मुरपा आर०एस० खाता 177 आर० प्लॉट 781 व अन्य, कुल रकबा 6.20 एकड़ से संबंधित है। यह पूर्व में सी०एस० खाता 72 का नया खाता बना है, यह एक संयुक्त सम्पत्ति है। | |

Compared by
Examine
Comparing Clerk

Scanned with CamScanner

2- इस भूमि के एक हिस्सेदार मकराई कुम्हार व धनु कुम्हार व पनु कुम्हार व सनु कुम्हार पिता भोला कुम्हार एवं मुनेसर कुम्हार व बासदेव कुम्हार पिता गाजो कुम्हार है। यह उक्त भूमि के विभिन्न प्लॉटो पर जोत-कोड़ कर रहे है। इस पर किसी भी पक्षकार का कोई आपत्ति नही है। एक हिस्सेदार के वंशज के द्वारा अपने भूमि के विभिन्न रैयत को बिक्री भी किये है।

3- इसी भूमि के एक दूसरे हिस्सेदार लक्ष्मण कुम्हार व केदार कुम्हार पिता विलट कुम्हार के द्वारा इसी खाता के विभिन्न प्लॉटो पर जोत-कोड़ करते आ रहे है। इस पर भी किसी भी पक्षकार का कोई आपत्ति नही है। इस हिस्सेदार के कई वंशज के द्वारा अपनी भूमि के केवाला दूसरे रैयतों को किये है।

4- इस भूमि के तीसरे हिस्सेदार बढ़न कुम्हार व वांदो कुम्हार व बुटा कुम्हार पिता टुनु कुम्हार एवं महावीर कुम्हार पिता गुनु कुम्हार एवं तुलसी कुम्हार व चरकू कुम्हार व लीवर कुम्हार व हरी कुम्हार पिता कईल कुम्हार है। यह सब भी उक्त आर0 एस0 खाता 177 के विभिन्न प्लॉटो पर जोत-कोड़ कर रहे है। इनके द्वारा उक्त खाता के प्लॉटो के अन्य रैयतो को बिक्री किया गया है। इसमे भी अन्य हिस्सेदारो को कोई आपत्ति नही है।

5- तीसरे हिस्सेदार आर0एस0 खाता 177, 176 के विभिन्न प्लॉटो यथा- 196, 197, 388, 781, 783, 1568, 1569, 2306, 2323, 1264, 789, 793, 795, 797 रकवा क्रमश- 0.04, 0.09, 0.60, 0.30, 0.10, 0.03, 0.06, 0.20, 0.08, 0.09, 0.09, 0.20, 0.03, 0.03 एकड़ कुल रकवा 1.94 एकड़ पर काबिज है तथा सभी 5 गोतिया दखलकार है।

6- तीसरे हिस्सेदार के महावीर की पत्नी अंजनी के द्वारा प्लॉट 388 मे 6 डी0, वांदो के पुत्र तेजू के द्वारा प्लॉट 388 मे 12 डी0, बुटा के पुत्र प्रेम के द्वारा प्लॉट 781, 783 मे से 40 डी0, वांदो के पुत्र तेजु के द्वारा प्लॉट 789, 793, 795, 797 मे से 17 डी0 विभिन्न क्रेता को बिक्री कर चुके है।

Compared by
Examined

Comparing Clerk

Scanned with CamScanner

7- तीसरे हिस्सेदार को सभी 5 पांचो पक्षकार बढ़न कुम्हार, बांदो कुम्हार, बुटा कुम्हार, महावीर कुम्हार व कईल कुम्हार को उनके जोत कोड़ वाली सभी प्लॉटो मे 1/5 हिस्सा बनता है।

8- प्रत्येक खतियानी रैयत का भाग सभी प्लॉटो मे होने के नाते वह अपनी 1/5 भाग बेचने के लिए ही अधिकृत है।

उपरोक्त निष्कर्षो, तथ्यो एवं साक्ष्यो तथा राजस्व दस्तावेजो का अवलोकन करने के पश्चात् मै इस निष्कर्ष पर पहुंचता हूँ कि आर0एस0 खाता 177 प्लॉट 187, 188, 193, 195, 789, 790, 791, 792, 793, 196, 197, 198, 240, 388, 200, 794, 795, 796, 797, 1021, 1031, 781, 783, 1568, 1569, 1726, 1758, 1759, 1762, 1763, 1764, 1912, 2307, 2323, 2332, 2018, 2030, 2037, 2044 कुल रकबा 6.20 एकड़ मे बढ़न कुम्हार, बादो कुम्हार, बुटा कुम्हार, महावीर कुम्हार, कईल कुम्हार का 1/5 हिस्से का अधिकार पाया जाता है। चूंकि कुछ गोतिया के वंशज इस खाता की भूमि को विना आपसी बंटवारा के दूसरे रैयत को बिक्री कर चुके है इसलिए उनके हिस्से मे से उतना रकबा को घटा दी जाएगी। कुछ गोतिया अपने ही परिवार के सदस्यो को भूमि निबंधित किये है उसमे भी आपसी बंटवारा किया जाएगा। सभी रैयत 1/5 हिस्से का बंटवारा कर अलग लगान रसीद निर्गत करने हेतु राजस्व कर्मी को सभी दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। राजस्व कर्मचारी को निदेशित किया जाता है कि इस वाद मे पारित आदेश के आलोक मे पांचो गोतियाओं के साथ समन्वय स्थापित करके उक्त भूमि का आपसी सहमति से 1/5 बंटवारा करना सुनिश्चित करेंगे। आदेश से सभी पक्षकारो एवं राजस्व कर्मी को अवगत करायें। असंतुष्ट पक्ष सक्षम न्यायालय मे अपील करने के लिए स्वतंत्र है।

लेखापित एवं संशोधित

अंचल अधिकारी,
बालूमाथ।

अंचल अधिकारी,
बालूमाथ।

5/8/17

Digitally signed by MD AFTAB ALAM
Date: 2023.09.21 16:59:14 +05:30
Location: 192.168.6.91

Compared by
Examining
Comparing Clerk

Scanned with CamScanner